MASA-01

June - Examination 2026
M.A. (Previous) Examination
SANSKRIT
वैदिक साहित्य एवं तुलनात्मक भाषाविज्ञान
Paper : MASA-01

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) किन दर्शन सम्प्रदायों के अनुसार वेद पौरुषेय है?
   (ii) तवलकार आरण्यक किस वेद से सम्बद्ध है?
   (iii) हिरण्यगर्भ देवता हेतु प्रयुक्त ''कः'' शब्द का क्या अर्थ है?
   (iv) पुरुष सूक्त के देवता कौन हैं?
   (v) शिक्षा वेदांग किसे कहते हैं?
   (vi) वाक् सूक्त में कुल कितने मन्त्र हैं?
   (vii) निरुक्त के अनुसार निपात किसे कहते हैं?
   (viii) वाक्यविज्ञान किसे कहते हैं?

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. निम्न में से किसी एक मन्त्र का पदपाठ एवं अन्वय सहित हिन्दी अनुवाद में कीजिए –

   (अ) परि णो हेती रुद्रस्य वृज्याः,
   परि त्वेषस्य दुर्मतिर्मही गात्।
   अव स्थिरामघवद्भ्यस्तनुष्व,
   मीढ्वस्तोकाय तनयाय मृळ।

   अथवा

   (ब) विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्र वोचं,
   यः पार्थिवानि विममे रजांसि।
   यो अस्कभायदुत्तरं सधस्थं,
   विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः।।

3. निम्न में से किसी एक मन्त्र की सान्वय व्याख्या संस्कृतभाषा में कीजिए –

(अ) विश्वंभरा वसुधानी प्रतिष्ठा हिरण्यवक्षा जगतो निवेशनी।
वैश्वानरं बिभ्रती भूमिरग्निमिन्द्रऋषभा द्रविणे नो दधातु।।

अथवा

(ब) येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके।
एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणामेष वरस्तृतीयः।।

4. श्रीबालगंगाधर तिलक द्वारा वेदों के काल निर्धारण को संक्षेप मे बताइए।

5. ब्राह्मण ग्रंथों का सांस्कृतिक वैशिष्ट्य को बताइए।

6. अधोलिखित में से किन्हीं दो शब्दों निरुक्त के आधार पर निर्वचन किजिए –

(1) निघण्टु (2) आदित्यः
(3) कम्बोजा (4) नदी

7. एकेश्वरवाद की दृष्टि से अस्यवामीय सूक्त को समझाइए।

8. ग्रासमन नियम को स्पष्ट कीजिए।

9. निरुक्त के अनुसार नाम एवं आख्यात में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. अग्नि सूक्त के आधार पर अग्नि देवता की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

11. वैदिक सृष्टि प्रक्रिया नासदीय सूक्त के महत्व का विवेचन कीजिए।

12. निरुक्त के आधार पर शब्द नित्यत्व का वर्णन कीजिए।

13. भाषाविज्ञान के अन्य शास्त्रों से सम्बन्ध पर एक लेख लिखिए।
